हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 18 जून 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]


तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री


12 शा. लघु वेतन कर्मचारी संघ की बैठक में गैंग श्रमिकों ...





13 आदिवासी जिलों में संग्राहकों को होगा 100 ...




## खबर संक्षेप



### 108 एम्बुलेंस कर्मियों ने बचाई ग्रामीण की जान

**तोंगपाल।** सुकमा जिला के महिमा ग्राम निवासी 50 वर्षीय घायल ग्रामीण रमेश के लिए 108 एम्बुलेंस जीवनदायिनी बनी। समय पर पहुंचकर 108 कर्मियों ने प्राथमिक उपचार कर उसकी जान बचाई और उसे स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। 16 जून के देर शाम आये तेज आंधी तूफान से रमेश के घर ऊपर पेड़ गिरने से उसके नीचे दब जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वहीं नेशनल हाईवे में बिजली तार टूटने की वजह से जाम लगा हुआ था, ऐसे विषम परिस्थितियों में कूकानार क्षेत्र की 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस कर्मी ईएमटी रमेश कुमार एवं पायलट महेश ने ग्रामीण का प्राथमिक उपचार कर उसे नजदीकी अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छिंदगढ़ में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार जारी है।

### बलौदाबाजार कांड पर कांग्रेस का धरना आज

**जगदलपुर।** शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने जारी बयान में कहा कि बलौदाबाजार जिले के ग्राम महकोनी में हुए जैतखम्ब के अपमान, तोड़फोड़ और आगजनी में दुपहिया, चार-पहिया वाहनों, शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंची है जो राज्य सरकार की नाकामी व लचर कानून व्यवस्था के चलते हुयी है। जिसका परिणाम जिले के आम जनता एवं निर्दोषों को भुगतने पर मजबूर होना पड़ रहा है। कांग्रेस बलौदाबाजार में घटित घटना को लेकर प्रदेश सरकार के विरोध में 18 जून को सिरहासार में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगा। इस दौरान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम मौजूद रहेंगे।

### विशेष योग सत्र हरिद्वार में भाग लेंगे छह प्रतिभागी



**जगदलपुर।** पतंजलि योग समिति ने पुलिस जवानों के लिए विशेष योग सत्र सोमवार को आयोजित किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले ऑनलाइन योग सर्वे फॉर्म का शुभारंभ हुआ। प्रांतीय प्रभारी डा. मनोज पानीग्राही ने बताया कि विश्व योग दिवस के अवसर पर योग सर्वे ऑनलाइन फॉर्म स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए भराया जा रहा है। जिसमें प्रश्नों का श्रेष्ठ उत्तर देने वाले 6 प्रतिभागियों को पतंजलि वेलनेस हरिद्वार भेजा जाएगा। सर्वे में कोई भी योग स्वास्थ्य प्रेमी ऑनलाइन फॉर्म भर सकता है। उन्होंने बताया कि आज के भागदौड़ की जीवन में हर कोई रोगी हो रहा है ऐसे में योग का मार्ग श्रेष्ठ समाधान है। प्रातः 5.30 से शेष पेज 12 पर

# मेडिकल स्टोर्स के औचक निरीक्षण में लिए गए नमूने, भेजे गए प्रयोगशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासन के आदेश पर जिला बस्तर में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं औषधि निरीक्षकों की टीम ने जिले के बड़े मेडिकल स्टोर्स एवं मेडिकल थोक दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान शहर के मेडिकल दुकानों में सभी प्रकार के फूड या डायटरी सप्लीमेण्ट्स, न्यूट्रास्यूटिकल्स के लेबल की जांच की गई एवं गुणवत्ता परीक्षण के लिए जीआरडी बिक्स प्रोटीन पाऊडर, सिग्नूत्रा ग्रोविवा न्यूट्रीशन सप्लीमेण्ट एवं पीडियाश्योर बेवरेज मिक्स का नमूना संकलित कर खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया।

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर टीम पहुंची कई मेडिकल स्टोर्स



### बढ़ा चढ़ाकर किए दावों से लोग होते हैं भ्रमित

जारी सरकारी बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। विगत कुछ वर्षों में आमजन में फूड सप्लीमेण्ट्स, प्रोटीन पाऊडर, बेबीफूड पाऊडर, कोलोस्ट्रम पाऊडर, मल्टीविटामिन टेबलेट्स एवं अन्य न्यूट्रास्यूटिकल्स का अतिरिक्त खाद्य के रूप में सेवन बहुत अधिक बढ़ा है। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को इन सभी खाद्य अनुपूरक सामग्रियों के मानकों एवं इनके लेबल में उल्लेखित भ्रामक दावों की जांच के लिए त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

टीम में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी जाहिरा खान, औषधि निरीक्षक विनय ठाकुर, औषधि निरीक्षक सौरभ जैन तथा सहायक विरेन्द्र सूर्यवंशी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता, पैकेजिंग एवं लेवलिंग, भ्रामक दावे अथवा विज्ञापन तथा खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 के तहत जारी खाद्य लाईसेंस व पंजीयन की जांच की गई। साथ ही यह भी देखा गया कि मेडिकल स्टोर्स संचालकों द्वारा डॉक्टर के पर्ची के बिना दवाओं का विक्रय तो नहीं किया जा रहा है। नशे में उपयोग हो सकने वाली दवाओं को पर्ची के बिना बिलकुल भी नहीं विक्रय किया जाए एवं उनका क्रय विक्रय रिकार्ड रखा गया है कि नहीं शेष पेज 12 पर

## विवाद : निजी जमीन नहीं होने से जगदलपुर में किया गया अंतिम संस्कार

# डिलमिली में वृद्धा की मौत के बाद विवाद, अंततः दफनाने नहीं दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ईसाई धर्म को मानने वाली महिला की मौत के बाद शव का अंतिम संस्कार गांव में नहीं हो सका। मामला कोड़ेनार थाना क्षेत्र के ग्राम डिलमिली का है। यहां निवासरत 70 वर्षीया महिला की मौत बीमारी के चलते हो गई। शव को दफनाने को लेकर विवाद हो गया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों की समझाईश के बाद अंतिम संस्कार जगदलपुर से लगे करकापाल कब्रिस्तान में किया गया। वहीं विवाद की स्थिति को देखते हुए दो दिन से इलाके में फोर्स द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही है। जानकारी के मुताबिक रविवार को गांव गणराज्य डिलमिली परगना आगरवाड़ा में सुकुलदेई कश्यप पति श्रीधर कश्यप की मौत हो गई थी। डिलमिली के ग्राम प्रमुखों ने बताया कि सुकुलदेई काफी वर्षो से मूल समाज के रीति रिवाज को छोड़कर ईसाई धर्म अपना ली थी। ईसाई धर्म में जाने के कारण गांव गणराज्य डिलमिली में इसाई धर्म को मानने वालों के लिए कब्रिस्तान नहीं होने से ग्रामीणों ने अतिंम संस्कार करने देने से मना कर दिया गया। विवाद शेष पेज 12 पर

■ ग्रामीणों के विरोध के बाद मौके पर पहुंची तीन थानों की पुलिस, पेट्रोलिंग जारी



### निजी जमीन नहीं होने से जगदलपुर में किया गया अंतिम संस्कार

डिलमिली निवासी मृतिका के परिजनों की गांव में निजी जमीन नहीं होने से अंतिम संस्कार नहीं किया जा सका। काफी समझाईश के बाद परिजनों ने जगदलपुर से लगे करकापाल कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार कर दिया है। वर्तमान में विवाद की स्थिति नहीं है लेकिन ऐहतियातन पेट्रोलिंग की जा रही है।

- **विश्वदीपक त्रिपाठी,** एसडीओपी केशलूर

### ग्रामसभा के निर्णय से अवगत कराया गया

ग्राम के पुजारी जग्गू कश्यप, पेरमा कमलू मंडावी, सरपंच दुर्जन कश्यप, सरपंच पति पुरान पात्र, पूर्व सरपंच बुधराम सोढ़ी, पूर्व सरपंच आयतु मंडावी, कोटवार लखेश्वर भैंस, माहरा समाज के ब्लॉक उपाध्यक्ष गणेश बघेल, माहरा समाज नाईक बुधरू, सर्व आदिवासी समाज जिला युवा प्रभाग मीडिया प्रभारी मनीराम मंडावी के अलावा अन्य ग्राम प्रमुख झितरू सोढ़ी, सायबो मंडावी, भान्टू कश्यप, ललित नाग, विशनाथ कश्यप, सराद्रू मंडावी, मासो मंडावी, समलू नाग , पागू कश्यप, परदेशी बघेल आदि ने बताया कि गांव गणराज्य डिलमिली के ग्राम सभा का निर्णय है कि डिलमिली गांव मे ईसाई धर्म को मानने वालों का कब्रिस्तान नहीं है ऐसे में ईसाई धर्म को मानने वालों की मृत्यु ओने पर डिलमिली गांव में अंतिम संस्कार और क्रियाकर्म करने नहीं दिया जाएगा। ग्रामीणों के विरोध के बाद शव का अंतिम संस्कार जगदलपुर में किया गया।

# चोरी के लाखों के जेवरात और 50 हजार नकद बरामद, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सूने घर में सेंधमारी कर लाखों के जेवरात व नगद चोरी करने वाले दो आरोपियों को नगरनार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। फरार आरोपियों में से एक को महाराष्ट्र से गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। आरोपियों के कब्जे से लाखों रूपए कीमत के जेवरात व नगद 50 हजार बरामद किया गया है। नगरनार थाना क्षेत्र में हो रहे चोरी व नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एसपी पुलिस शलभ कुमार सिन्हा, एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। थाना क्षेत्र के ग्राम कस्तुरी में 28 फरवरी व ग्राम माड़पाल में 31 मार्च को सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। सीएसपी उदित पुष्कर ने बताया कि इससे पूर्व 9 मई 2024 को दो आरोपियो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 143 ग्राम सोना कीमत लगभग 10 लाख रूपए बरामद कर जेल भेजा गया था। इसी मामले में दो आरोपी फरार थे जिनकी तलाश की जा रही थी। टीम द्वारा सायबर शेष पेज 12 पर

■ नगरनार थाना क्षेत्र का मामला, सेंधमारी की वारदात को दिया था अंजाम



### पूर्व में दो आरोपियों से 10 लाख के जेवरात बरामद किया गया था

नगरनार थाना क्षेत्र के माड़पाल व कस्तुरी में सेंधमारी करते हुए सूने मकान में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर 10 लाख रूपए का सोना बरामद किया गया था। मामले में दोनों आरोपी को जेल भेजा गया था। वहीं सोमवार को भी दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। कार्रवाई में नगरनार थाना प्रभारी निरीक्षक टामेश्वर चौहान के अलावा एसआई सतीश यदुराज, दिनेश ठाकुर, महेन्द्र ठाकुर, प्रधान आरक्षक रमेश पासवान, मौसम गुप्ता, श्याम चन्द्राकर व वेदप्रकाश देखमुख का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

गर्मी छुट्टी में हुआ समर कैंप का रंगारंग आयोजन

# समर कैंप से निखरती है बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सांस्कृतिक एवं साहित्यिक मंच बस्तर माटी के नई उड़ान समर कैंप का शानदार समापन सोमवार को बस्तर आर्ट गैलरी में हुआ। जहां लगभग सवा सौ बच्चों को बस्तर जिला पत्रकार संघ के सौजन्य से उपहार स्वरूप सामान दिए गए। मुख्य अतिथि बस्तर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष सुरेश रावल ने अपने संबोधन में कहा कि बस्तर माटी संस्था ने हमेशा की तरह इस वर्ष भी बच्चों की प्रतिभा को गर्मी छुट्टियों में निखारने का काम किया है। नन्हें बच्चे इन छुट्टियों के दिनों में पढ़ाई से दूर होकर टेलीविजन और मोबाईल में अपना ज्यादातर समय गुजार देते हैं जिसके चलते उनकी प्रतिभा दब जाती है। आयोजकों ने बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा को निखारने का सराहनीय काम किया है। बच्चों के लिए आने वाले समय शेष पेज 12 पर

■ बस्तर आर्ट गैलरी में हुए कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा को अतिथियों ने सराहा

# 88 लाख 64 हजार जमा नहीं कर रहे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छग गृह निर्माण मंडल जगदलपुर के कार्यपालन अभियंता सीके ठाकुर ने कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर कहा कि हाटकचोरा स्थित 440 जी प्लस 5 फ्लैट छग गृह निर्माण मंडल द्वारा निर्माण किया गया है एवं हितग्राहियों को विक्रय किया जा चुका है। हितग्राहियों द्वारा जलकर सामान्य सेवा प्रभार कॉमन सर्विस चार्ज एवं भू-संधारण शुल्क की कुल राशि 8864690 रूपये माह मई 2024 की स्थिति में शेष है। बकाया राशि वसूली के लिए सूचित किया गया। वसूली के लिए कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर सतत संम्पर्क किया जा रहा है एवं बकाया राशि की सूची चस्पा किया गया है। फिर भी कालोनीवासी राशि जमा नहीं कर रहे है। वसूली नहीं होने के कारण कालोनी के लिफ्ट रख-रखाव एवं छ.ग. रा.वि. वितरण कम्पनी मर्यादित जगदलपुर का विद्युत देयक का भुगतान 6 माह से नहीं हुआ है। भुगतान नहीं होने के कारण रख-रखाव कम्पनी टीके एलिवेटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मना किया जा रहा है। रहवासियों के द्वारा राशि जमा नहीं करने के कारण 15 जून से लिफ्ट पूर्ण रूप से बंद किया गया है। जिसकी सूचना कालोनीवासियों को 13 जून को दी शेष पेज 12 पर

■ रख-रखाव कंपनी ने लिफ्ट सेवा की बंद

# बकरीद पर शांति व खुशहाली की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ईद उल अजहा (बकरीद) का त्योहार नगर में धूमधाम से मनाया गया। सोमवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने मस्जिदों में नमाज अता कर एक दूसरे को ईद की बधाई दी और बकरे की कुर्बानी देकर रस्म पूरी की। सुबह 6.30 बजे गीदम रोड स्थित गौसिया मस्जिद, जामा मस्जिद, सदर मस्जिद, जिकुरनबी मस्जिद और कचोरा स्थित मस्जिद में एकत्रित होकर बकरीद की विशेष नमाज अता की। विभिन्न मस्जिद के इमाम के मार्गदर्शन में नमाज अता की गई और क्षेत्र, प्रदेश, देश में सुख, समृद्धि और शांति की दुआ की गई।

■ शहर के अनेक मस्जिदों में सुबह 6.30 बजे नमाज अता की गई



जो लोग सुबह 6.30 बजे के नमाज में शामिल नहीं हो सके उनके लिए सुबह 8 बजे जमा मस्जिद में विशेष नमाज रखी गई थी। इस नमाज में भी शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचे मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अता किया। सभी लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर जामा मस्जिद के इमाम ने कहा कि पूरी दुनिया में ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन शांति और सुख-समृद्धि के लिए दुआएं मांगी जाती है। ईद-उल-अजहा मुस्लमानों का सबसे बड़ा त्योहार है। इसका महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि मक्का से मोहम्मद पैगंबर के प्रवास के बाद पवित्र शहर मदीना में ईद-उल-अजहा का उत्सव शुरू हुआ। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर ने कहा कि पर्व भाईचारे और शांति का संदेश देते हैं। सभी मस्जिदों में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम पुलिस विभाग के द्वारा किया गया था। चौक चौराहों पर पुलिस के जवान तैनात थे। मुस्लिम भाईयों को पर्व की बधाईयां अन्य धर्म और समाज के लोगों ने भी दी।

## रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने पत्रकारों को क्लब की गतिविधियां बताई

# विश्व को पोलियो से मुक्त किया जाएगा : मनजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रोटरी क्लब के तत्वावधान में सोमवार को शहर के होटल अविनाश इंटरनेशनल में क्लब के डिस्ट्रिक गवर्नर मनजीत सिंह अरोरा ने पत्रकार वार्ता में क्लब की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा जिला 3261 में छत्तीसगढ़, उड़ीसा का पश्चिम भाग एवं मध्य प्रदेश का पूर्वी भाग आता है। इसमें 34 सौ से अधिक रोटरी के सदस्य हैं जिसमें 23 प्रतिशत महिलाएं हैं।

रोटरी इंटरनेशनल 1905 में स्थापित हुआ था आज पूरे विश्व में 200 से ज्यादा देशों में स्थापित है। रोटरी का सबसे बड़ा योगदान विश्व को पोलियो मुक्त करना है। जिसमें भारत 2014-15 में पोलियो मुक्त हो चुका है। बस्तर जैसे आदिवासी क्षेत्र में कोई बड़े




प्रोजेक्ट पर काम करने ध्यानाकर्षण कराने पर उन्होंने कहा कि मीडिया द्वारा क्लब के संज्ञान में लाए गए विषय को समय आने पर पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। रोटरी अध्यक्ष दिनेश कागोत ने कहा रोटरी क्लब ने अभी तक छोटे बड़े सब मिलाकर 30 प्रोजेक्ट में काम पूरा की है। जिसमें वृक्षारोपण, चेस प्रतियोगिता, तीन मेडिकल कैंप, योगा डे सेलिब्रेशन, हैंड वाश डे, यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण, सीआरपीएफ जवानों के साथ स्वच्छता अभियान, नवरात्रि पदयात्री सेवा, रोटरी टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन जिसमें 10000 से अधिक बच्चे भाग लिए। अन्य प्रोजेक्ट भी रोटरी क्लब ने किये है। संचालन संग्राम सिंह राणा एवं आभार डॉ. मनोज थॉमस ने माना। इस दौरान श्रीधर मद्दी, जितेंद्र पाल सिंह अहलूवालिया, नवीन भावसार, विवेक सोनी, डॉ सरिता थॉमस, नितेश सिंह चौहान, विवेक जैन,रोटरेक्ट मेंबर गौरव अयनगर, शुभम सोनी,आसिफ,के.वेंकटेश्वर राव, दिव्याश सिंघल सहित रोटरी मेंबर उपस्थित थे।






## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

खबर संक्षेप




## बालका नदी में रेलिंग नहीं विभाग नहीं दे रहा ध्यान

**नगरी।** नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत उमरगांव और घटुला के बीच बालका नदी बहती है। विडंबना है कि बालका नदी पुल पर किसी प्रकार की सुरक्षा नहीं है। रेलिंग नहीं लगी है। पुल पर रेलिंग नहीं होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यह सांकरा से कांकेर बोराई सिहावा जोड़ने वाला मार्ग है। कार, मोटरसाइकिल अन्य वाहनों का इस मार्ग में आवागमन अधिक रहता है। पुल के आसपास लाइट ही नहीं है। रात्रि में अंधेरा होने से लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं। ज्ञात हो कि पिछले कुछ महीने पहले सांकरा से फरसियां मार्ग पर तीन व्यक्ति की पुल के नीचे गिरने से मौत हो चुकी है। उसके उसके बाद भी इस ओर विभाग अधिकारी द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पुल के नीचे रिपेयरिंग कार्य करने के बाद पत्थर पड़ा हुआ है। अगर नीचे जो भी व्यक्ति गिरेगा उसे गंभीर चोट आएगी। इस संबंध में विभागीय अधिकारी एसडीओ नगरी एमपी डड़सेना ने बताया कि जल्द ही पुल में रेलिंग बनाई जायेगी।

## स्त्री से ही मानव जाति का अस्तित्व : बीके साधना

**नगरी।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय बेलरगांव के तत्वाधान में ग्राम-गढ़डोंगरी में महिला सशक्तिकरण (महिलाओं के सर्वांगीण विकास में राजयोग की भूमिका) पर ज्ञान चर्चा का आयोजन हुआ जिसमें 23 पंचायत से महिला समूहों की उपस्थिति रही। बीके साधना, बीके दीपिका, बीके ईश्वर उपस्थित थे। ज्ञान चर्चा के दौरान बीके साधना ने कहा कि स्वयं की उन्नति के लिए महिलाएं को आत्मनिर्भर होकर कार्य करने की जरूरत है। महिला सशक्तिकरण को शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार के अवसरों में वृद्धि आदि के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकारी योजनाएं भारत सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक हैं। सरकार ने मंत्रालयों और विभागों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं। वर्तमान में स्त्री को सृजन की शक्ति माना जाता है अर्थात स्त्री से ही मानव जाति का अस्तित्व माना गया है। सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक न्याय, विचार, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, अवसर की समानता का सु-अवसर प्रदान करना ही नारी सशक्तिकरण का आशय है। आज हमारे पास साधनों की कमी नहीं है कमी है तो बस मनोबल की और इस कमी को पूरा करने के लिए हमारे सामने सहज रास्ता है राजयोग का निरंतर अभ्यास जो हमें अपनी मंजिल तक पहुंचा सकता है। बीके दीपिका ने कहा कि नारी आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है।

## सांकरा में सामुदायिक भवन का लोकार्पण





**सांकरा।** रविवार को ग्रामीण साहू समाज द्वारा सामुदायिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अंबिका मरकाम विधायक सिहावा विधानसभा क्षेत्र थी। अध्यक्षता पवन साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज सांकरा ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव पूर्व विधायक, कंवलराम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज नगरी, श्रीमती सुलोचना साहू सभापति जनपद पंचायत नगरी, शशि ध्रुव सरपंच सांकरा, पारस साहू उपसरपंच, जन्मेजय साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज सांकरा, साधु राम साहू संरक्षक, कृष्ण कुमार कश्यप वरिष्ठ कांग्रेसी, भूषण लाल साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी नगरी, सचिन भंसाली महामंत्री ब्लाक कांग्रेस कमेटी नगरी, हेमलाल साहू थे।

# कार लदे कंटेनर की ठोकर से ट्रक चालक की मौके पर मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र अंर्तगत दूधगांव में दोपहर को नयी कारों को लेकर जा रही कंटेनर वाहन और कोयला लेकर आ रही ट्रक से भिंडत हो गई। इस दुर्घटना में कोयला लेकर जा रहे ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर से जगदलपुर कार से भरी कंटेनर वाहन क्रमांक एनएच 14 ईएन 7018 को जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रही कोयले से भरी ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनटी 8380 ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे कोयला से भरी ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वही ट्रक के कंडेक्टर को गंभीर चोटें आईं हैं । कार से भरी कंटेनर वाहन के चालक को भी चोटे आई है। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पंहुचकर घायलों को अस्पताल रवाना किया तत्पश्चात मृतक ट्रक चालक के शव का पंचनाामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया।



## कर्मचारी हलचल : छत्तीसगढ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ की हुई बैठक

# शा. लघु वेतन कर्मचारी संघ की बैठक में गैंग श्रमिकों की समस्याओं पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला कोंडागांव के द्वारा कर्मचारी समस्याओं के निराकरण के संबंध में कोडागांव पुराने रेस्ट हाउस में आवश्यक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें लोक निर्माण विभाग व राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यभारित गैंग श्रमिकों के विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया गया। जिसमें निर्णय लिया गया कि कई बिंदुओं पर लोक निर्माण विभाग के मंत्री छत्तीसगढ़ शासन व विभागीय उच्चाधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए पत्र प्रेषित किया जाएगा।

### सेवानिवृत की आयु 65 करने की मांग

मांगो में प्रमुख रूप से लोक निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के गैंग श्रमिकों को यदि निमितीकरण नहीं किया जा रहा है तो सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष को बढाकर 65 वर्ष तक किया जावे , विभाग के अधिकारियों के द्वारा स्थानीय दैनिक वेतन कर्मचारियों को निकाल कर अन्य जिले के व्यक्ति को लाकर दैनिक वेतन पर रखा गया है निकाले गए समस्त दैनिक वेतन कर्मचारियों को तत्काल वापस रखा जावे और बाहर से नियुक्त किए गए सभी कर्मचारियों को कार्य से पृथक किये जाने की मांग रखी गई है।



### याद आया जोगी सरकार का कार्यकाल

मांगो में स्पस्ट रूप से जोगी सरकार के कार्यकाल का हवाला देते हुये कार्यभारित कर्मचारियों को जोगी शासनकाल में अवकाश नगदी कारण का भुगतान बंद कर दिया गया है उसे पुनः चालू किया जावे , की मांग की गयी है। गैंग श्रमिकों को जो अनुसूचित क्षेत्रें में कार्य करते हैं उन्हें भी नियमित कर्मचारियों की भांति 10 दिन का विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान किया जावे , पीडब्ल्यूडी के कुछ कर्मचारियों को समय मान वेतनमान नहीं मिल पाया है , उन छूटे हुए गैंग श्रमिकों को समय मान वेतनमान का भुगतान किया जावे कोडागांव जिला के अंतर्गत ठेकेदार के द्वारा किये जा रहे विभिन्न कायोंर् में शासकीय गैंग श्रमिकों को भेज कर कार्य लिया जाता है इसे तत्काल बंद किया जावे।

### मौजूद रहे ये

बैठक में प्रांतीय महामंत्री गिरजाशंकर साहू, जिला अध्यक्ष एवं प्रांतीय सचिव चमन लाल वर्मा जिला कोषाध्यक्ष जयसिंह मरावी सहित बडी संख्या में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं लोक निर्माण विभाग के गैंग श्रमिकों की उपस्थिति रही उक्त मांगों के संबंध में शीघ्र ही संघ के द्वारा लोक निर्माण विभाग के माननीय मंत्री महोदय एवं विभागीय उच्च अधिकारियों से पत्रचार कर उक्त जायज मांगो व समस्याओं के संबंध में अवगत कराते हुए पूर्ण कराने का प्रयास किया जाएगा।

# 250 युवकों को मिल रहा नि:शुल्क सैन्य प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के तत्वाधान में संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण फरसगाँव ब्लॉक और बडेराजपुर ब्लॉक में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों और पूर्व सैनिकों के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के तत्वाधान में फरसगाँव ब्लॉक और बडेराजपुर ब्लॉक में निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण के साथ साथ प्रत्येक रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। इसी कडी में बडेराजपुर ब्लॉक के मिनी स्टेडियम विश्रामपूरी में पूर्व सैनिकों और प्रशिक्षणार्थियों ने मिलकर साफ सफाई किया गया। इस अवसर पर बडेराजपुर ब्लॉक के उपाध्यक्ष रुपउ राम मरकाम, सचिव संतोष कुमार मरकाम, सदस्य राम कुमार मरकाम, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद फरसगाँव ब्लॉक के सचिव रिकेश कुँवर, सेवारत सैनिक रूपेश कुमार, बी. एस. एफ. के सेवारत सैनिक राजेंद्र नेताम, स्वच्छ भारत मिशन के सदस्य किशन राम पांडे, अर्जुन मरकाम और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 250 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# ब्रह्मण समाज ने रक्तदाता 14 युवकों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अंतरराष्ट्रीय रक्त दान दिवस के अवसर पर ब्राह्मण समाज जिला कोंडागांव ब्राह्मण समाज भवन कोंडागांव कनेरा रोड में 1 जून को जिला अस्पताल कोंडागांव में ब्राह्मण समाज के द्वारा रक्तदान का आयोजन किया गया। जिसमें ब्राह्मण समाज के युवा मंच के युवा एवं युवतियों के द्वारा बढ– चढकर हिस्सा लिया गया। समाज के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारी का विशेष योगदान रहा। रक्तदान समाज के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। 14 जून शुक्रवार को ब्राह्मण समाज भवन कोंडागांव में रक्तदान दाताओं का सम्मान समारोह रखकर सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय किसान संघ वी राष्ट्रीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय सलाहकार डॉ राजाराम त्रिपाठी एवं अध्यक्षता थाना कोंडागांव के नगर निरीक्षक सौरभ उपाध्याय विशिष्ट अतीत भूपेश तिवारी गोपाल दीक्षित एवं समाज के सचिव पवन झा के द्वारा किया गया। रक्तदान 14 लोगों के द्वारा किया गया था। साथ ही ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद मिश्र द्वारा समाज के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारी से आग्रह किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें । जिससे गरीब कमजोर एवं रक्त चाहने वाले लोगों को अधिक से अधिक रक्त मिल सके । और उनकी जान बच सके । कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मधु तिवारी के द्वारा किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से सचिन मिश्रा, श्रीमती गीता पांडे, श्रीमती उर्मिला पांडे, श्रीमती निशा पांडे, रूपेश झा, सुरेश पांडे, प्रवीण मिश्रा, रामचरण पांडे, राजेश शुक्ला, रितेश द्विवेदी, पंडित उमाशंकर तिवारी, सिद्धार्थ मिश्रा, डॉक्टर नीता मिश्रा, राजेश पांडे, आर के बाजपेई, बीपी पांडे, कल्पना झा, राम पांडे, प्रवीण शर्मा, शांति बाजपेई, बृजेश तिवारी, अमन दुबे, जी एन तिवारी का विशेष योगदान रहा।

■ अंतरराष्ट्रीय रक्तदान दिवस पर किया गया आयोजन

# नए शिक्षा सत्र के लिए बेलोतीपारा प्राशाला में वेलकम पार्टी की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 18 जुलाई से प्रारंभ होने वाला नया शिक्षा सत्र के शाला प्रवेश उत्सव एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत के आदेशानुसार वेलकम पार्टी नेवता भोजन के सफल आयोजन के संबंध में शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला बेलोतीपारा मसोरा में श्रीमती सुनीता मरकाम, श्रीमती हीना साहू प्रधानाध्यापिका द्वारा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं स्व सहायता समूह के अध्यक्ष एवं सदस्यों का बैठक आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित एसएमसी अध्यक्ष सुनीता मरकाम मेंबर और मसोरा सरपंच दिनेश मरकाम के समक्ष 6 से 14, 14 से 18 तक शाला त्यागी बच्चों की जानकारी, बालवाडी में अध्ययनरत बच्चों की दर्ज संख्या बालक, बालिका बालवाडी के समस्त बच्चों का शतप्रतिशत कक्षा 1 ली में प्रवेश देना, न्योता भोज कार्यक्रम 18.06.2024 को शाला स्तर पर आयोजित करना है। शाला भवन और परिसर , शौचालय तथा पानी टंकी की साफ–सफाई, फर्नीचर की व्यवस्था की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली गयी।



### शाला प्रवेश उत्सव के दौरान बनेगा सेल्फी जोन

इको क्लब के संबंध में एस.एम.सी. का पुनःगठन करना, पी.टी.एम. की बैठक आयोजन में उपस्थिति, शाला में प्रवेश उत्सव आयोजन के लिए पूर्व से तिथि निर्धारित करना तथा शाला प्रवेश उत्सव के दौरान सेल्फी जोन, दिनांक 18 जुलाई से 10 जुलाई 2024 तक प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाने की जानकारी विद्यालय का व्हाटसअप ग्रुप की जानकारी, गणवेश पाठ्य पुस्तक, अभ्यास पुस्तिका वितरण करना, शाला स्तर पर शाला पंचाग तैयार करना, एफएलएन – प्रशिक्षण परचर्चा की गई। इस दौरान संस्था की शिक्षिका श्रीमति सुषमा कुंवर शिक्षिका श्रीमती चंदेल नीतू वर्मा विद्यारानी नायक उपस्थित रही।

## प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ की हुई प्रांतीय बैठक

**जीजामगांव।** प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ की प्रांतीय बैठक प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी के नेतृत्व में हुई। जिला अध्यक्ष शेखरचंद्र ठाकुर ने बताया कि बैठक में संघ की मुख्य मांग संवैधानिक अधिकार नियुक्ति तिथि 1998 से पुरानी पेंशन मिलने तक संघर्ष करने की बात कही गई। मांगों को लेकर सभी ब्लॉक एवं जिलों के जनप्रतिनिधियों, विधायकों, सासदों को ज्ञापन दिया जाएगा। संघ की मजबूती के लिए ठोस निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष नारायण सोनी, देशनाथ पाण्डे, दिनेश सिंह, रामजी मामड़ीकर, राजेंद्र नेताम, संदीप नेताम सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## निकटतम प्रतिद्वंदी टेकराम को पांच वोट से हराया

# बेलरगांव के अमरसिंह ग्राम पटेल चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी

ग्राम बेलरगांव में ग्राम पटेल का पद 3 साल से खाली था। इस पद के लिए गांव के दो किसान अमर सिंह पटेल और टेकराम पटेल ने तहसील ऑफिस में फार्म जमा किया था। इसके बाद तहसीलदार ने आदेश किया कि ग्राम सभा के माध्यम से दोनों प्रत्याशी के लिए मत मांगा जाए जिसमें दोनों प्रत्याशी नहीं माना। 6 महीने के बाद चुनाव की प्रक्रिया आई। दोनों प्रत्याशी अपने-अपने प्रचार प्रचार कर मतदान करने की अपील की। शनिवार को सुबह 8 बजे से 12 बजे तक माध्यमिक हाई स्कूल बेलरगांव में मतदान हुआ। सभी किसानों ने मतदाता सुबह 8 बजे हाई स्कूल पहुंचकर मतदान किया गया। कुछ किसानों का कहना था कि बड़े गांव होने के कारण दो मतदान केंद्र होना था। इससे लंबे समय तक लाइन लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। तहसीलदार के निर्देशानुसार आरआई को पीठासीन अधिकारी बनाया गया। पटवारी एवं कोटवारों की इस चुनाव में ड्यूटी में लगाई गई। शांति व्यवस्था के लिए सिहावा पुलिस के जवान भी तैनात थे। कुल किसान मतदाता 856 हैं जिसमें से 448 ने ही मतदान किया। 218 वोट अमरसिंह पटेल को मिले और 213 वोट टेकराम पटेल को प्राप्त हुए और 17 वोट रिजेक्ट हो गए।



इसी प्रकार पांच वोटों से अमरसिंह विजयी रहे। विजय की घोषणा होते ही किसानों एवं ग्रामवासियों ने ग्राम पटेल प्रत्याशी अमरसिंह पटेल का गुलाल वंदन से स्वागत किया। कृषि एवं ग्राम विकास समिति अध्यक्ष लीलाम्बर सिंह साहू, कैलाशनाथ प्रजापति, शेखर आडिल, उमेश साहू, नोमलाल देवांगन, अनिल साहू ने अपने उद्बोधन में सभी को एक साथ लेकर चलने और गांव को संगठित रखने की बात कही। ग्राम पटेल अमरसिंह पटेल ने कहा कि आप सभी ने मुझे सेवा करने का अवसर दिया है। कोई भी समस्या है, मुझे बता सकते हैं। हम सभी मिलकर गांव के लिए काम करेंगे।

## पेज 11 के शेष

### मेडिकल स्टोर्स के....

देखा गया। फूड सप्लीमेण्ट सर्टिफाइड कंपनी के ही विक्रय किया जा रहा है कि नहीं इसकी जांच की गई। एक्सपायरी डेट की दवा विक्रय तो नहीं किया जा रहा है एवं सक्षम व्यक्ति के उपस्थिति में ही संचालन किया जा रहा है अथवा नहीं इसकी जांच की गई।

सप्लीमेंट्स खरीदने से पहले सावधानी जरूरीः अनियमित दिनचर्या एवं खान-पान के कारण शरीर में विभिन्न प्रकार के कैल्शियम, एमीनो एसिड, एन्जाइम, आयरन पोषक तत्वों की कमी हो जाती है, जिसे पूरा करने के लिए बाहरी सप्लीमेंट्स एवं पूरक पोषक लेने की आवश्यकता पड़ती है। किंतु कई बार सप्लीमेंट अथवा पूरक पोषक में उपस्थित एक्टिव एलिमेंट्स एवं एलर्जन शरीर में गंभीर दुष्प्रभाव पैदा कर सकते हैं। कोई भी खाद्य पदार्थ, दवाई अथवा फूड सप्लीमेंट क्रय करते समय इन बातों का ध्यान रखकर लायसेंस धारी संस्थान से ही खरीदें। हमेशा बिल पर ही क्रय करें, खरीदते समय एक्सपायरी डेट जरूर चेक करें, एलर्जी सूचना अवश्य पढ़ें, डाक्टर पर्ची अनुसार ही दवा खरीदें।

### डिलमिली में वृद्धा ...

की खबर मिलने के बाद केशलूर एसडीओपी के अलावा कोड़ेनार, दरभा, व परपा थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाईश देने का प्रयास किया। ग्रामीणों का कहना था कि मूलधर्म में वापसी होने के बाद ही गांव के श्मशान में अंतिम संस्कार करने दिया जाएगा। हालांकि हाल ही में हाईकोर्ट के गाईड लाईन के अनुसार ईसाई धर्म को मानने वालों की मौत होने के बाद मृतक का परिवार अपने निजी जमीन में अतिम संस्कार कर सकता है लेकिन मृतिका के परिजनों की निजी जमीन गांव में नहीं होने से अतिम संस्कार नहीं किया जा सका। इसके बाद परिजनों को मृतिका के शव को जगदलपुर से लगे करकापाल कब्रिस्तान में अतिम संस्कार करना पड़ा।

### चोरी के लाखों के ...

सेल की मदद से आरोपी का लोकेशन प्राप्त करने के बाद एक आरोपी का लोकेशन जिला चन्द्रपुर महाराष्ट्र में मिलने के बाद गठित टीम द्वारा आरोपी राहुल सेठठी को चन्द्रपुर महाराष्ट्र से हिरासत में लेकर नगरनार लाया गया। वहीं एक अन्य आरोपी मनीकंता को जगदलपुर से गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के कब्जे से लगभग 70 ग्राम सोना कीमत लगभग 5 लाख रूपए, 190.98 ग्राम चांदी कीमत लगभग 16 हजार 615 रूपए के अलावा एक बाईक कीमत 80 हजार रूपए व नगद 50 हजार रूपए बरामद कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

### समर कैंप से....

में यह प्रतिभा उन्हें ऊंचाईयों पर पहुंचा सकती है। विशेष अतिथि बस्तर जिला पत्रकार संघ के सचिव धर्मेन्द्र महापात्र ने कहा बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए किए गए इस तरह के अच्छे कामों के लिए पत्रकार संघ हमेशा सहयोग के लिए तत्पर रहेगा। संगीतकार तथा शिक्षक रतन व्यास तथा आत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट विद्यालय तोकापाल के प्राचार्य विधुशेखर झा ने अपने संबोधन में बच्चों के गर्मी छुट्टी में समय के सदुपयोग की सराहना करते आयोजकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा इस तरह के आयोजन से बच्चों की प्रतिभा सामने आती है और पालकों के साथ-साथ समाज को भी लाभ मिलता है। अधिवक्ता संजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार संजीव पचौरी, श्रीनिवास रथ, अजय श्रीवास्तव, रंगकर्मी शिव शंकर पिल्लई ने भी बच्चों को पुरस्कृत करते उन्हें शुभकामनाएं दी। संचालन संस्था के केतन महानंदी ने किया। उड़ान समर कैंप में पूरे समय बच्चों की प्रतिभा को निखारने वाले संस्था के कर्मयोगियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में अभिभावक, आयोजन समिति के पदाधिकारी और सदस्य तथा बच्चे मौजूद रहे।

### 88 लाख 64 हजार ....

गई है। इसकी सूचना विधायक, छग गृह निर्माण मंडल मुख्यालय रायपुर के आयुक्त, गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त, उपायुक्त व गृह निर्माण मंडल विद्युत संभाग जगदलपुर को दी गई है।

### विशेष योग सत्र ....

8 बजे तक पुलिस जवानों को प्राकृतिक उपचार बताया गया। 11 बजे पतंजलि टीम द्वारा गीत और नृत्य प्रतियोगिता का मेगा ऑडिशन दुर्गा मंदिर सभागार में हुआ। जिसमे अनेक कलाकारों ने भाग लिया। सफल प्रतिभागियों का 22 से 23 जून को ग्रैण्ड फिनाले वीर सावरकर भवन में होगा। 10 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 7 दिवसीय योग सेशन का आयोजन सिरहासार चौक में प्रातः 5.30 से 8 बजे तक किया जा रहा है। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में योग प्रेमी मातृ शक्ति, पुरुष, युवा, वरिष्ठजन और बच्चे सम्मलित हो रहे है।

खबर संक्षेप

### कराते में हिमांशु को रजत पदक



**जगदलपुर।** राज्य स्तरीय ओपन कराटे प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ शोतोकान कराटे डू एसोसिएशन के मुख्य प्रशिक्षक सरजीत सिंह बख्शी के मार्गदर्शन में शहर के कराटे खिलाड़ी हिमांशु साहू सब जूनियर वर्ग 55 कि.ग्रा., वंश यादव सब जूनियर वर्ग 25 कि.ग्रा. तथा कुमारी नीतू मांडवी जूनियर वर्ग 50 में काता, कुमिते ईवेंट में भाग लिया। जिसमें हिमांशु साहू ने कुमिते इवेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

### चमेली नेताम गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड से सम्मानित



**जगदलपुर।** नई दिल्ली में छंदबद्ध भारत का संविधान पुस्तक का विमोचन किया गया। जिसमें देश-विदेश के 142 छंद साधको ने मिलकर भारतीय संविधान के 395 अनुछेद जो 22 भागों में विभाजित व 12 अनुसूचियां है जिसे 2110 दोहा, 422 रोला 24 अन्य छंदबद्ध कालजयी रचनाओं के माध्यम से काव्य ग्रंथ की रचना संयुक्त रूप से समायोजन कर छंदबद्ध भारत का संविधान के कलेवर को सजाया गया। जगदलपुर की साहित्यकार चमेली नेताम सुवासिता ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 244 अनुसूचित क्षेत्र और जनजाति क्षेत्रों का प्रशासन का दोहा एवं रोला छंद में लिखने के लिए गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड से सम्मानित की गई।

### पहली बार आयोजित होगा बीजापुर आम महोत्सव

**बीजापुर।** जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा जिले में पहली बार आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आम महोत्सव 20 जून को कलेक्टर परिसर में सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता में महिला एवं कक्षा आठवीं तक अध्ययनरत विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं। महिलाओं के लिए आम के बने व्यंजन का प्रतियोगिता होगा जिसका प्रवेश शुल्क 50 रुपए निर्धारित की गई है। वहीं कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थी चित्रकला (आम) के प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे जिसका प्रवेश निःशुल्क होगा। इच्छुक आवेदक 19 जून तक अपराह्न 3 बजे तक जिला जनसंपर्क कार्यालय कक्ष क्रमांक सी.8 प्रथम तल कलेक्टोरेट एवं कार्यालय जिला पंचायत परिसर स्थित उद्यानिकी कार्यालय में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं, आवेदन कार्यालय में उपलब्ध रहेगा।

### बीजादूतीर स्वयंसेवकों के साथ कॉफी विद कलेक्टर कार्यक्रम का आयोजन



**बीजापुर।** बीजादूतीर स्वयंसेवकों को कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने कॉफी विद कलेक्टर कार्यक्रम के लिए अपने निवास पर आमंत्रित किया। इस विशेष अवसर पर स्वयंसेवकों ने अपने कार्य क्षेत्र का अनुभव साझा किया और कलेक्टर निवास में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर बीजादूतीर स्वयं सेवक उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने स्वयंसेवकों की सराहना की और जिले में किए जा रहे विकास कार्यों में उनके योगदान को सम्मानित किया। सभी ब्लाकों से आए बीजादूतीर स्वयंसेवकों ने अपने कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा किया और शासन के लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अपनी भूमिका को विस्तार से अवगत कराया। साथ ही फादर्स डे के अवसर पर बीजादूतीर परिवार की ओर से कलेक्टर अनुराग पाण्डेय को डायरी और पेन भेंट किया गया। कार्यक्रम के दौरान संयुक्त कलेक्टर कैलाश वर्मा, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद और अन्य विभागीय अधिकारी भी सम्मिलित हुए।

# आदिवासी जिलों में संग्राहकों को होगा 100 करोड़ का भुगतान

## मंत्री केदार ने समझा आदिवासी संग्राहकों का दर्द





## लोकसभा चुनाव दरम्यान की गई घोषणा को किया पूरा

बस्तर संभाग के तीन जिलों के संग्राहकों को एक बार फिर से बड़ी सौगात वन मंत्री केदार कश्यप ने दी है। विधानसभा चुनाव के वक्त 5500 रुपए घोषणा पत्र को धरातल तक पहुंचा कर लाखों संग्राहकों को 200 करोड़ की सौगात दी। वहीं लोकसभा चुनाव के दरम्यान मंत्री केदार कश्यप द्वारा बीजापुर में आयोजित चुनाव सभा में बैंक खाते के अभाव में नगद भुगतान की घोषणा को रविवार के दिन आदेश जारी कर पूरा कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में वनमंत्री केदार कश्यप ने सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर जिलों में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक राशि का नगद भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। इन जिलों में बैंकों की शाखाएं दूर-दूर हैं, इसलिए वनमंत्री केदार कश्यप ने तेन्दूपत्ता संग्राहकों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को यह निर्देश जारी करते हुए सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर जिलों के हाट-बाजारों में कैम्प लगाकर तेन्दूपत्ता संग्राहकों को वर्ष 2024 में पारिश्रमिक राशि का नगद भुगतान किया जाएगा।

### हाट बाजारों में कैंप लगाकर किया जायेगा भुगतान

*वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि समस्त नगद भुगतान की कार्यवाही जिला कलेक्टर के पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण में सम्पन्न की जाएगी। नगद भुगतान के लिए कौन से संग्राहक पात्र होंगे, इसका निर्धारण कलेक्टर द्वारा किया जाएगा। प्रत्येक प्रकरण का नगद भुगतान कलेक्टर की अनुमति से होगा। प्रत्येक जिले में जिला कलेक्टर तथा वन मंडलाधिकारी एवं प्रबंध संचालक, जिला यूनियन द्वारा आपसी समन्वय से प्रस्तावित क्षेत्र के अंतर्गत हाट बाजार या अन्य उपयुक्त स्थान पर कैम्प का आयोजन कर संबंधित संग्राहकों को तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्ड में उचित प्रविष्टि कर नगद भुगतान करते हुये पावती प्राप्त करेंगे। जारी आदेश में कहा गया कि नगद भुगतान के पूर्व पर्याप्त प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा नगद भुगतान से संबंधित समस्त कार्य की संपूर्ण वीडियोग्राफी करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। संग्राहकों को पारिश्रमिक राशि के भुगतान की कार्यवाही 15 दिन के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।*

### अवकाश के दिन जारी हुआ आदेश

आदिवासी संग्राहकों के हित में प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार किसी भी स्थिति में आदिवासियों को दिक्कत न हो, इसका पुरा ख्याल रखते हुए रविवार अवकाश के दिन वन मंत्रालय द्वारा नगद भुगतान का आदेश जारी कर दिया गया। वनमंत्री केदार कश्यप की पहल पर सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर जिलों के अलावा अन्य जिलों में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को उनके खाते में पारिश्रमिक राशि का भुगतान किया जायेगा।

### सुकमा जिले में सर्वाधिक 50 करोड़ का होगा नगद भुगतान

#### जो कहा सो किया: केदार



वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी के तहत हर एक कार्य को एक लक्ष्य के साथ पूरा किया गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आदिवासी हितों के लिये हर एक बड़े कदम उठाये जायेंगे। हमारी सरकार ने लोकसभा चुनाव के दौरान नगद भुगतान की घोषणा की थी, उसे हम पूरी ईमानदारी के साथ धरातल पर पूरा करने जा रहे है।

#### फैसला स्वागत योग्य: कुंजाम



पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहकों को नगद भुगतान का निर्णय स्वागत योग्य है। इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिये प्रदेश के वनमंत्री केदार कश्यप को धन्यवाद देते है। कुंजाम ने कहा कि नगद भुगतान की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा किया जाये, ताकि आदिवासियों को खेती किसानी में लाभ मिल सके।

### सुकमा में 50 करोड़ तो बीजापुर में 30 करोड़ का होगा नगद भुगतान

जारी आदेशानुसार बस्तर संभाग के तीन जिलों में तेंदूपत्ता संग्राहकों को नगद भुगतान हेतु निर्देशित किया गया है। सुकमा वनमंडल के 35 हजार संग्राहकों को 50 करोड़ रुपए नगद भुगतान होगा। जब कि बीजापुर वनमंडल में 32 हजार संग्राहकों को 31 करोड़ व नारायणपुर वनमंडल में 4 हजार संग्राहकों को 3 करोड़ रुपए नगद भुगतान होगा।

## डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने किया यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

रोटरी क्लब ने डिस्ट्रिक गवर्नर मनजीत सिंह अरोरा की उपस्थिति में सोमवार को कुम्हारपारा चौक स्थित यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण किया। उनका नगर आगमन पर मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में अध्यक्ष दिनेश कागोत के नेतृत्व में सदस्यों ने स्वागत किया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज डिमरापाल स्थित प्रोजेक्ट आहार का जायजा लिया। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सदस्य एवं क्लब एडवाइजर्स के साथ बैठक की गई। इस अवसर पर किशोर पारख, मनोज थॉमस, प्रकाश चावड़ा, नवीन भावसार, संजय बथवाल, अयाज चामड़िया, कमल शेट्टी, सुनील जैन, विवेक सोनी, अविनाश जैन, नितेश सिंह चौहान, राजेश छाजेड, अमरजीत सोढ़ी, संग्राम सिंह राणा, कमलेश गोलछा, सुमन भावसार, आशिफ अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## नवनिर्वाचित सांसद के प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोंगपाल





भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण में शामिल होने के बाद आज लोकसभा क्षेत्र बस्तर के नवनिर्वाचित ऊर्जावान सांसद महेश कश्यप का सुकमा जिला के तोंगपाल मंडल में पहली बार आगमन होने पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है, नरेंद्र मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने हैं। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप के तोंगपाल पहुंचने पर फूल मालाओं और ढोल नगाड़े के साथ कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके अलावा तोंगपाल क्षेत्र के मतदाताओं के साथ सभी भाजपा मोर्चा के कार्यकर्ता, व्यापारी संघ, कर्मचारी संघ ने भी सांसद का फुल माला एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। स्वागत पश्चात सांसद महेश कश्यप ने सभी क्षेत्रवासियों, मतदाताओं एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में काम किया है और भारतीय जनता पार्टी को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई आप सभी क्षेत्रवासियों को आभार। भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार केंद्र और राज्य में बनी है और हमारी पार्टी का उद्देश्य सबका साथ सबका विकास को लेकर आगामी पांच वर्षों में हमारी सरकार कार्य करेगी। आप सभी निश्चिन्त रहें, हम सब मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेंगें।

### मां गायत्री मंदिर पहुंचे सांसद

इसके पश्चात सांसद महेश कश्यप तोंगपाल में नव स्थापना हुए पंचमुखी मां गायत्री मंदिर पहुंचे। जहां गायत्री परिवार के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। सांसद महेश कश्यप ने गायत्री जयंती के शुभ अवसर मां गायत्री से आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात सांसद कश्यप ने तोंगपाल पुसपाल चौक स्थित अमर शहीद वीर डेबरीधुर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बाड़से, सोयम मुक्का, अरुण सिंह भदौरिया, महेंद्र सिंह भदौरिया, नुपर वैदिक, हरि यादव, शोभन गंदामी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुखदेव नाग, रघुराम, तोंगपाल मंडल अध्यक्ष सुखदेव नाग, महामंत्री विकास भदौरिया, कुर्ती यादव, सोमारू नाग, सुनील गुप्ता, तूफान चौरसिया, सिज्जु भाजपा के विभिन्न मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गंगा दशहरा में इंद्रावती में चढ़ाई गई 100 मीटर की चुनरी...







**जगदलपुर।** गंगा दशहरा पर महादेव घाट में बीती शाम को सनातनी वर्ग के लोगों ने धुम धाम से पर्व मनाया। गंगा माता की पूजन और महाआरती में मातृशक्ति द्वारा दोपहर में सुंदरकांड का पाठ किया गया। शाम 5.30 बजे से पतंजलि पीठ द्वारा नदी किनारे योग की गई। जिसमें सभी लोगों ने हिस्सा लिया। दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति तथा विश्व हिन्दू परिषद द्वारा 100 मीटर की चुनरी चढ़ाई गई। सभी सनातनियों ने मां गंगा का पूजन करते महाआरती की। साथ ही 1100 दीप प्रज्जवलित कर आरती की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। महादेव घाट हर हर गंगे नमामि गंगे हर हर महादेव के उद्घोष से गूंजायमान होता रहा। कार्यक्रम के बाद विशाल महाप्रसाद भंडारा का आयोजन हुआ जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। मातृशक्ति और युवा साथियों के प्रयास से कार्यक्रम सफल रहा। पार्षद निर्मल पाणिग्रही और नगर निगम का पूर्ण सहयोग रहा।

## नेगानार में हुआ बस्तर सांसद का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा



नवनिर्वाचित बस्तर सांसद के सुकमा प्रवास के दौरान नेगानार में जोशीला स्वागत किया गया।

सोमवार को नवनिर्वाचित बस्तर सांसद महेश कश्यप सुकमा प्रवास के लिए निकले। इस दौरान दरभा मंडल के नेगानार गांव में भाजपा कार्यकर्ता समेत आम जनता ने उनका जोशीला स्वागत किया। इस दौरान सैंकड़ों कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित थे, जिसके चलते आधा घंटा एनएच 30 में नेगानार के पास जाम की स्थिति बनी रही।

उपस्थित लोगों को बस्तर सांसद ने कहा कि शपथ ग्रहण के पश्चात आप सभी लोगों से पुनः मिलने जल्द आऊंगा। क्षेत्र की जो भी समस्या होंगी, उनका निराकरण किया जायेगा। आवश्यकता पड़ने पर बस्तर की आवाज लोकसभा में जोर शोर से उठाया जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र में काम करने वाली मोदी सरकार है हम सबका विश्वास है कि इस सरकार में छोटी बड़ी सभी समस्याएं त्वरित रूप से निराकृत होंगी। आप सब ने तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर विश्वास जताया है। हम सब मिलकर आपके विश्वास पर खरे उतरेंगे। महेश कश्यप ने आगे कहा कि इस क्षेत्र के लोगों का स्नेह हमेशा मेरे साथ बना हुआ है।

आप सबके सहयोग से मैंने लोक सभा चुनाव में विजय हासिल की है। यह जीत मेरी नहीं क्षेत्र की जनता की है। उल्लेखनीय है कि महेश कश्यप आज इसी रास्ते से वापस आएंगे। इस दौरान वे दरभा से छिंदावाड़ा, तीरथगढ़, कामानार, लेंड्रा, चिंगपाल और मावलीपदर के कार्यकर्ताओं और आम जनता से मिलेंगे। इस स्वागत कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष फूलसिंह सेठिया, मंडल महामंत्री पीडी हरीश, पूर्व जनपद सदस्य गागरा राम नाग, पूर्व मंडल अध्यक्ष भोला श्रीवास्तव, संतोष बघेल, दलपत राय, मुन्नू सिंह, दिनेश पाण्डे, धर्मेंद्र ठाकुर, लेखन यादव, महादेव नाग, अशीम विश्वास, जयराम, भागीरथी, धीरनाथ कश्यप, प्रताप कश्यप, सोनाली बघेल, मोनिका विश्वास कुंती बघेल और मंदिर पुजारी रुपधर बघेल के साथ सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ईद-उल-अजहा की नमाज अता कर मुस्लिम समुदाय ने मांगी अमन चैन की दुआ

नगर के ईदगाह में सुबह 7.30 बजे बकरीद की नमाज अदा कर दिए एक दूसरे को मुबारकबाद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्टा



कोण्टा के मुस्लिम समुदाय के भाईयों द्वारा 17 जून सुबह साढ़े सात बजे ईद-उल-अजहा की नमाज ईदगाह में अदा की गई। कोण्टा नगर के अंजुमन इस्लामिया कमेटी के मौलाना जुल्फिकार ने नगर व आस-पास गांवों से पहूंचे तमाम मुस्लिम भाईयों को ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराई। ज्ञात हो कि ईद-उल-अजहा बकरीद का यह त्यौहार मुस्लिम समुदाय की दूसरी सबसे बड़े त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। जिसमें मुस्लिम समुदाय के द्वारा जानवरों की कुर्बानी दी जाती है और उसे समाज के घरों में तकसीम किया जाता है।

ईद-उल-अजहा रमजान के सबसे बड़ी मीठी ईद के तकरीबन सत्तर दिनों के बाद बकरीद त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। कोण्टा के ईदगाह में अंजुमन इस्लामिक कमेटी के सदर जनाब वहिदउल्लाह खान, नायब सदर जनाब उस्मान अली तथा अन्य मेंबरान के साथ-साथ तमाम अहले आवाम बच्चे, बुजुर्गों ने इस खास ईद-उल-अजहा के अवसर पर ईद की नमाज अदा कर तमाम इंसानों के लिए व मुल्क व बस्ती के अमनों चैन के लिए खास दुआ मांगी तथा एक दुसरे को ईद का मुबारकबाद गले लगाकर दिया। इस अवसर पर कोण्टा थाना प्रभारी तथा आला पुलिस अधिकारी के दिशा निर्देश पर ईदगाह के चारों तरफ सुरक्षा बलों ने थाना कोण्टा के जानिब से अपनी खास सुरक्षा प्रदान की गई।

## खबर संक्षेप



### आयशर पेड़ से टकराया चालक बाल-बाल बचा

**नगरी।** ओडिशा से नीलगिरी लकड़ी लेकर जा रहा आयशर सीजी 04 डब्ल्यू 1339 ड्राइवर की लापरवाही से धमतरी रोड दुगली के आगे एक पेड़ से टकरा गया। इस घटना में चालक बाल बाल बचा। ड्राइवर चलती गाड़ी से कूदकर फरार हो गया।

### कार की ठोकर से बाइक चालक घायल

**धमतरी।** रूद्री रोड स्थित अमलतासपुरम के पास रविवार को एक बार फिर कार और बाइक की टक्कर हुई है। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर को ग्राम भटगांव निवासी रूद्रकुमार साहू 50 वर्ष सब्जी खरीदने इतवारी बाजार अपनी बाइक से जा रहा था। अमलतासपुरम के पास कार ने बाइक को ठोकर मार दी जिससे रूद्रकुमार घायल हो गया। सूचना मिलते ही रक्तदान ग्रुप सेवा संस्था ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया। उल्लेखनीय है कि इस मार्ग में पेट्रोल पंप, सुमीत बाजार, अमलतासपुरम कालोनी के पास अक्सर सड़क हादसे होते रहते हैं।



### सहकारी कर्मचारी रायपुर में 18 को धरना देंगे

**पुरी।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर के आह्वान पर 18 जून को सुबह 11 बजे नया रायपुर तूता में लंबित मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन, महारैली का आयोजन किया गया है। उनकी प्रमुख मांग मध्यप्रदेश शासन की भांति छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रबंधकीय अनुदान राशि लेने, धान खरीदी में सूखत आदि का प्रावधान करने, जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के खाली रिक्त पदों पर समिति कर्मचारियों की भर्ती करने एवं सेवा नियम 2018 में संशोधन कर वेतनमान में बढ़ोतरी शामिल है।

# सचिव योजना एवं सांख्यिकी ने ग्रामीण औद्योगिक पार्क का किया अवलोकन

**महिला स्व-सहायता समूहों,उद्यमियों और पंचायत पदाधिकारियों से उत्पादक गतिविधियों के बारे में की चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राज्य शासन के योजना एवं सांख्यिकी विभाग के सचिव अंकित आनन्द ने सोमवार को जिले के मंगनार, तुरेनार और कोड़ेनार स्थित ग्रामीण औद्योगिक पार्क का अवलोकन कर उत्पादक गतिविधियों में संलग्न महिला स्व-सहायता समूहों तथा उद्यमियों से रूबरू होकर उनकी आर्थिक गतिविधियों के बारे में चर्चा की। वहीं पंचायत पदाधिकारियों से भेंटकर इन ग्रामीण औद्योगिक पार्क के अधोसंरचना एवं संचालन के सम्बंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर विजय दयाराम के. और सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

सचिव अंकित आनन्द ने जिले के बकावंड विकासखण्ड अंतर्गत मंगनार ग्रामीण औद्योगिक पार्क में मुरमुरा यूनिट, मिट्टी के बर्तन इकाई, दोना-पत्तल, पेपर कप और मसाला एवं अचार उत्पादन इकाई का अवलोकन किया तथा कच्चा माल की आपूर्ति, उत्पादन पश्चात विक्रय के सम्बंध में पूछा। इस दौरान मुरमुरा उत्पादन से जुड़े महिला समूह के सदस्यों ने बताया कि वे वर्तमान में कोण्डागांव से उसना चावल लाकर मुरमुरा तैयार करते हैं और स्थानीय बाजार में प्रत्येक माह 30 हजार रुपए तक का विक्रय कर रहे हैं। वहीं मिट्टी के बर्तन उत्पादन में लगे उद्यमी दीनबंधु नागवानी ने बताया कि वे स्थानीय तौर पर नयाखानी, दीपावली, दियारी त्यौहार और शादी-ब्याह के सीजन में हर महीने 20 से 30 हजार रुपए का विक्रय करते हैं। अभी वर्तमान में 5 से 6 हजार रुपए का ही बेच रहे हैं। दोना-पत्तल एवं पेपर कप उत्पादन करने वाले महिला समूह के सदस्यों हेमलता कश्यप व नीलिमा देवांगन ने बताया कि गत वर्ष करीब ढाई लाख रुपए का सामान विक्रय किये। इस साल भी अब तक लगभग 40 हजार रुपए की सामग्री विक्रय किये हैं। सचिव अंकित आनन्द ने इस मौके पर गौठान में वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने वाली महिला समूह के सदस्यों तथा सरपंच एवं अन्य पंचायत प्रतिनिधियों से भी चर्चा की।

### 19 लाख का बेचा रेशम धागा

सचिव अंकित आनन्द अपने प्रवास के दौरान जगदलपुर विकासखण्ड के तुरेनार ग्रामीण औद्योगिक पार्क में दोना-पत्तल, पेपर प्लेट और पोहा यूनिट, धूपबत्ती एवं अगरबत्ती उत्पादन इकाई, पेपर बैग-वूलन बैग इकाई, चावल एवं दाल उत्पादन इकाई, मसाला एवं अचार इकाई, लघु धान्य कोदो-कुटकी एवं रागी प्रसंस्करण इकाई का अवलोकन कर सम्बन्धित महिला समूहों से चर्चा की। इस मौके पर रेशम धागाकरण इकाई में बताया गया कि वर्ष 2023-24 में 19 लाख रुपए का धागा चाम्पा-जांजगीर और दिल्ली के व्यवसायियों को विक्रय किया गया।





### कोड़ेनार ग्रामीण औद्योगिक पार्क में ईमली कैंडी की गुणवत्ता एवं बेहतर पैकेजिंग पर जोर

योजना एवं सांख्यिकी विभाग के सचिव अंकित आनन्द ने कोड़ेनार ग्रामीण औद्योगिक पार्क में ईमली चपाती एवं ईमली कैंडी उत्पादन इकाई के उत्पाद की मांग को देखते हुए ईमली कैंडी की अच्छी गुणवत्ता एवं बेहतर पैकेजिंग करने कहा। उन्होंने दक्षिण भारत के राज्यों में ईमली चपाती की मांग को मद्देनजर रखते हुए इसे अच्छी गुणवत्ता के साथ बनाने की समझाईश महिला समूह को दी। सचिव अंकित आनन्द ने बास्तानार ईलाके में लघु धान्य फसलों कोदो-कुटकी एवं रागी के ज्यादा उत्पादन को ध्यान रखते हुए इन लघु धान्य उत्पादों के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने कहा।

**अभिनंदन : सुकमा जिले में सांसद कश्यप का हुआ भव्य स्वागत**

# अब यात्री सुविधा के लिए रेलमार्ग का किया जाएगा उपयोग : महेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

प्रदेश में आज भी कई ऐसे इलाके है, जहां मूलभूत सुविधाएं नहीं पहुंची है। मेरा प्रयास रहेगा कि सबसे पहले उन इलाकों तक सारी मूलभूत सुविधाएं पहुंचे। बस्तर से सिर्फ लोहा निकालने के लिए रेल लाइन का विस्तार किया गया, लेकिन अब लोगों की सुविधा के लिए रेल लाइन का विस्तार होगा। सुकमा जिले से मुझे ज्यादा वोट मिले है, इसलिए मेरी यहां जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। यहां के विकास में कोई कमी नहीं आऐंगी। उक्त बाते सांसद बनने के बाद पहली बार सुकमा पहुंचे महेश कश्यप ने कही।

- स्वास्थ्य सुविधा को लेकर गंभीर दिखे बस्तर सांसद

सोमवार को जिले के तोंगपाल पहुंचे सांसद महेश कश्यप का जोरदार स्वागत हुआ। सांसद बनने के बाद पहली बार महेश कश्यप का दौरा है। जिसमें स्वागत करने के लिए कार्यकर्ता व लोग उमड़ रहे है। तोंगपाल में हर समाज के लोगों ने महेश कश्यप का स्वागत किया। उसके बाद छिंदगढ़ में भी जोरदार स्वागत हुआ। जहां महेश कश्यप ने लोगों को संबोधित कर अपनी प्राथमिकताएं बताई। उसके बाद दोपहर करीब 1 बजे वे जिला मुख्यालय पहुंचे। जहां पहले विश्राम गृह में भोजन किया और पत्रकारों से चर्चा की, उसके बाद कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। बस स्टैंड पर स्वागत सम्मान कार्यक्रम का आयोजन रखा था। जहां स्वागत के बाद कार्यकर्ताओं को महेश कश्यप ने संबोधित करते हुए मोदी गारंटी पर जानकारी दी और लोगों के उम्मीदों पर खरा उतरने की बात कही। उसके बाद दोरनापाल व कोंटा में भव्य स्वागत हुआ। देर शाम को महेश कश्यप सुकमा पहुंचे, जहां रात्रि विश्राम किया और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान धनीराम बारसे, अरूण सिंह भदौरिया, सोयम मुक्का, हुंगाराम, विश्वराज सिंह, लीलाधर राठी, नुपूर वैदिक, दिलीप पेद्दी, विवेक यादव समेत भाजपा के नेता मौजूद रहे।





### पोलावरम बांध की समस्या पर बात करेंगे

पत्रकारों से चर्चा करते हुए सांसद महेश कश्यप ने कहा कि पोलावरम बांध को लेकर कोंटा इलाके के लोग चिंतित है। अब डबल इंजन सरकार है और सीमावर्ती राज्यों में भी हमारी सरकार बन गई है। इस मामले को लेकर सभी सरकारों व केन्द्र में चर्चा की जाऐंगी। साथ ही कोंटा इलाके के लोगों को किसी भी बात की समस्या नहीं होगी, इसका ध्यान रखा जाएगा। वही सांसद महेश कश्यप ने कहा कि बस्तर में स्वाथ्य सुविधा और कैसे बेहतर की जाए इस ओर विशेष प्रयास रहेगा।

### अपने आप को अजेय बताने वालों का सपना टूटा

पहली बार सुकमा पहुंचे सांसद महेश कश्यप ने कहा कि बस्तर के सभी भाईयों व बहनों को सौभाग्य स्वरूप आशीर्वाद मिला है। कोन्टा से कुछ नेता अपने आप को अजेय बताकर एकाधिकार बताकर एक छत्र राज करने की मंशा पर पानी फेर दिया। उन्हीं के क्षेत्र में हार का सामना करना पड़ा और आने वाले समय में डबल इंजन की सरकार है। बस्तर व छत्तीसगढ़ के विकास में पूरा सहयोग करेगी। मोदी की गारंटी के तहत महतारी वंदन की बात हो या फिर तेंदूपत्ते के 5500 रुपए की बात हो, सब में सरकार ने अपना वादा निभाया है। तेदूपत्ता के दर वृद्धि के साथ साथ बोनस व चरण पादुका सहित अन्य लाभ भी दिया जावेगा। किसानों का 3100 रुपए धान खरीदी कर अतिरिक्त लाभ दिया गया।

### कोन्टा को लेकर मेरी जिम्मेदारी और बढ़ गई

आजादी के 70 वर्ष बाद भी हमें मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ा है। कांग्रेस के द्वारा हमेशा से ही बस्तर की उपेक्षा की गई। जिसके चलते कई क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया। छत्तीसगढ़ में 16 वर्ष तक भाजपा ने राज किया है। सुकमा जिले में विधायक नही होने के बावजूद यहां से मुझे लीड मिला है, इससे मेरी जिम्मेदारी और बढ़ जायेगी। सांसद कश्यप ने अपनी पहली प्राथमिकता में कहा कि बस्तर में स्वास्थ्य सुविधा में इजाफा करते हुए इसे और सुविधाओं से लैस करना है। उन्होंने बस्तर में रेल सुविधा को लेकर भी भविष्य में पहल करने की बात कही।

### तो फिर नहीं बख्शें जायेंगे

सुकमा जिले में जल जीवन मिशन में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर सांसद महेश कश्यप ने गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहां कि शपथ ग्रहण के तुरंत बाद वे इस मामले को लेकर समीक्षा करेंगे और जिनके द्वारा भी केन्द्र की महत्वपूर्ण योजना में भ्रष्टाचार करने का कार्य किया है वे बख्शें नही जायेंगे।



# मक्खन और पंचामृत से होगा भगवान बालाजी का अभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बालाजी मंदिर में चैत्र शुक्ल पक्ष की एकादशी विधि-विधान से मनाई गई। निर्जला एकादशी के अवसर पर नित्याराधना के बाद भगवान बालाजी, माता श्रीदेवी, माता भूदेवी सहित मंदिर में प्रतिष्ठापित देव प्रतिमाओं का मक्खन और पंचामृत से अभिषेक किया गया। अभिषेक विधान के पश्चात महाभंडारे में भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर के प्रधान आचार्य श्रीकांत ने बताया कि सनातन धर्म में निर्जला एकादशी को सर्वाधिक पवित्र दिनों में से एक माना जाता है और यह भगवान विष्णु को समर्पित है। इस विशेष अवसर पर लोग पूजा करते हैं, व्रत रखते हैं और देवता का आशीर्वाद लेते हैं। उन्होंने बताया ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि (11वें दिन) को निर्जला एकादशी मनाई जाती है। इस वर्ष यह 17 जून को मनाया जा रहा है। भक्तगण इस शुभ मुहूर्त में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर उनसे धन, समृद्धि, दीर्घायु और मोक्ष का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। बालाजी टेंपल ट्रस्ट दि बस्तर ड्रिरिक्ट आंध्र समाज के चेयरमैन ए. वीरराजु एवं वाईस चेयरमैन रविभूषण राव ने बताया कि पूजा विधान का पालन करने वाले उपासकों को पूरे वर्ष भर के एकादशी उपवास के बराबर पुण्य प्राप्त होता है। जिसे देखते आज बस्तर अंचल के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे थे।

# तीन दिन में 200 से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाया

**अंबेडकर वार्ड के शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के सभी वार्ड के लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ मिले इस उद्देश्य से जिला प्रशासन कैंप लगाकर वार्डवासियों का आयुष्मान कार्ड बनाने 3 दिन का शिविर लगाया है। 15 से 17 जून तक अंबेडकर वार्ड के तिरंगा चौक में लगे शिविर में 200 से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाया गया। दरभा ब्लाक के अंतर्गत आने वाले मंगनार स्वास्थ्य केंद्र के आरएचओ कुमकर्मा कश्यप ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि शनिवार को 71 कार्ड रविवार को 107 और सोमवार को 43 कार्ड बनाए गए। कैंप में बड़ेकड़मा की सीएचओ रीना दत्ता, लेंड्रा की सीएचओ सपना कश्यप, अंबेडकर वार्ड के राशन दुकान की संचालिका किरण नत्थानी तथा मितानिन अनिता दुधी की सक्रिय सहभागिता रही।



# सिविल लाइन वार्ड में आयुष्मान कार्ड बनाने पहुंचे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के सिविल लाईन वार्ड में सोमवार को अंतिम दिन बड़ी संख्या में आयुष्मान कार्ड बनाने वार्डवासी पहुंचे। भगतसिंह स्कूल में 3 दिन का कैंप लगा था। आरएचओ संतोष कुंजाम ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि इस योजना का लाभ लेने के लिए वार्डवासियों में काफी उत्साह दिखा। लोग आधार कार्ड, राशन कार्ड और अन्य दस्तावेज लेकर परिवार के सदस्यों के साथ पहुंचते रहे। उन्होंने बताया इस योजना में पूरे परिवार के सदस्यों को स्वास्थ्य का लाभ मिलना है इसलिए सभी लोगों का कार्ड बनाना जरूरी है। विशेषकर गरीब और मध्यम वर्ग के लोग जिन्हें इलाज के लिए सरकारी अथवा निजी अस्पताल में जाना पड़ता है।

- भगतसिंह स्कूल में बच्चों के साथ पहुंचे परिजन

आज कल इलाज कराना काफी महंगा हो गया है इसलिए इस योजना का लाभ पाने के लिए सभी को कार्ड बनाना चाहिए यह समझाईश दी गई। तीन दिन के कैंप में स्वास्थ्य विभाग के प्रफुला झाड़ी, अदिति प्रजापति, मोहन कश्यप, खाद्य विभाग से सीमा डे, संजय थोरीय, उमेश कुमार साहू, पदमा देवांगन और रामेश्वरी सेन ने योगदान दिया।



# सांसद ने शिक्षिकाओं को समस्या दूर करने का दिया आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सांसद महेश कश्यप के गृह ग्राम कलचा पहुंचकर हायर सेकेंडरी स्कूल की शिक्षिकाओं ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। सांसद ने क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने तथा शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक काम करने की बात कही। इस दौरान सांसद की पत्नी भी मौजूद थी। इस अवसर पर व्याख्याता सुनीता तिवारी, मोनिका साहू, अनीता नाग, सुनीता पांडे, रंजीता महापात्र, दिलेश्वरी मरकाम तथा लीना बघेल मौजूद थी।

**बीएमओ को दिए व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश**

# बकावंड अस्पताल का सीएमएचओ ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड

**खबर का असर**

बकावंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की समस्याओं को लेकर हरिभूमि ने खबर प्रमुखता से प्रकाशित किए थे। इसे सीएमएचओ डॉ. चतुर्वेदी ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बीएमओ डॉ. हरीश मरकाम को अस्पताल की तमाम अव्यवस्थाओं को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए।

सोमवार को बकावंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर सीएमएचओ ने परिसर तथा सभी कक्षों का जायजा लिया। हरिभूमि ने बकावंड स्वास्थ्य केंद्र की खामियों और अस्पताल में भर्ती मरीजों व उनके परिजनों को हो रही तकलीफ के बारे में विस्तार से समाचार प्रकाशित किया था। डॉ. चतुर्वेदी ने बीएमओ से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की समस्याओं के बारे में जानकारी ली, अस्पताल का निरीक्षण किया और मरीजों से चर्चा की। उन्होंने डॉ. मरकाम से कहा कि अस्पताल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती न जाए, मरीजों को शासन द्वारा उपलब्ध सभी सुविधाएं दिलवाई जाएं, अगर कुछ कमियां हैं तो उन्हें तत्काल दूर करें। विदित हो की पिछले 7 दिनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बोर का मोटर पंप खराब होने से अस्पताल में जलापूर्ति ठप है। भर्ती मरीज परेशानी से गुजर रहे हैं। वे बाहर से पानी क्रय करके अपने और अपने बीमार परिजन की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहे हैं। इसके अलावा अस्पताल में गंदगी, बजबजाते शौचालयों, पंखे बंद रहने जैसी समस्याओं ने मरीजों और उनके परिजनों का हाल बेहाल कर रखा है। प्रसूति वार्ड भी समस्याओं से घिरा हुआ है। प्रसूता महिलाओं और उनके नवजात का मच्छरों ने बुरा हाल कर रखा है। डॉ. चतुर्वेदी ने इन तमाम समस्याओं को तत्काल दूर करने की हिदायत बीएमओ को दी है। अब उम्मीद की जा रही है कि अस्पताल की व्यवस्था सुधरेगी।



